**-प्रेस नोट-**

**जनपद मुजफ्फरनगर**

**दिनांक 10.08.2025**

### ❖थाना बुढाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार-

दिनांक 09.08.2025 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुरेन्द्र राव मय हमराहिगण द्वारा चोर की अफवाह की सूचना पर अवैध तमंचे से फायरिंग की घटना में अपने ही सगे भाई को घायल करने के अभियोग मु0अ0स0 328/25 धारा 125बी, 248 बीएनएस व 3/25/27 आयुद्ध अधि0 से सम्बन्धित अभियुक्त तालिब पुत्र जकाउल्ला निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर को सुल्तानपुर से मदीनपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के ककब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया।

### ❖थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ज्वैलर्स की दुकान से आभूषण चोरी करने वाले नौकर को किया गिरफ्तार, चोरी किये पीली धातु के आभूषण बरामद-

दिनांक 09.08.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री विनीत मलिक मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0-229/25 धारा 306/317(2) बी0एन0एस में वांछित अभियुक्त नरेश कुमार पुत्र गंगाराम उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम माण्डी गढ थाना सादड़ी जिला पाली राज्य राजस्थान को काली नदी पुल- न्याजुपुरा रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित एक गले का सैट (पीली धातु), एक जोडी कुण्डल (पीली धातु) बरामद किये गये।

### ❖थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-

दिनांक 10.08.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित चौधरी मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0 276/25 धारा 75(1)(i)बीएनएस व 9(एम)/10 पोक्सो अधि0 में वांछित अभियुक्त शाहरुख पुत्र युसूफ निवासी न्याजूपुरा थाना कोतवाली नगर मुजफफरनगर को चुंगी न-2 से गिरफ्तार किया गया।

### ❖थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-

दिनांक 09.08.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुनील कुमार मय हमराहिगण दवारा मु00स0 371/25 धारा 109(1),351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त जसविन्दर उर्फ जस्सा पुत्र सुखविन्दर निवासी शान्तिनगर थाना नई मण्डी,मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।